हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

20 नवंबर 2025, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार:-</u>

- सर्वोच्च न्यायलय ने कहा - राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंज़ूरी देने के सम्बन्ध में न्यायलय कोई समय सीमा तय नहीं कर सकता।

- भारत का 56 वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह गोवा के पणजी में शुरू हुआ,सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डा. एल मुरूगन ने आज फिल्म समारोह में ," वेव्स फिल्म बाजार " का उद्घाटन किया।

- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह ने कहा कि , अल फलाह यूनिवर्सिटी के मामले में , डॉक्टरों की भूमिका दुखदाई है।

- सरकार ने दुबई एयर शो के दौरान तेजस में तेल लीक सम्बन्धी फैलाई जा रही अफवाहों का खंडन किया।

- हरियाणा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा "सांस अभियान " जारी - राष्ट्रीय स्वस्थ्य मिशन हरियाणा के निदेशक डा विरेन्द्र यादव ने बच्चों को निमोनिया से बचाने का आह्वान किया।

*********************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में न्यायालय कोई समय सीमा तय नहीं कर सकता है।मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने सर्वसम्मति से कहा कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को अनुच्छेद 200 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना रोके रखते हैं तो यह संघीय ढांचे के हित में नहीं होगा। यह मत राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर आया जिसमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए समय सीमा को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था।

*********************************************************************

भारत का 56 वां अन्तराष्ट्री फिल्म समारोह गोवा के पणजी शुरू हुआ सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने आज फिल्म समारोह में वेवस (WAVES) फिल्म बाजार का उद्घाटन किया। फिल्म बाजार, फिल्म निर्माता, सेल्स एजेंट्स, फेस्टिवल प्रोग्रामर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए एक ग्लोबल मीटिंग पॉइंट के तौर पर काम करता है, जो सृजनात्मक और वित्तीय भागीदारी चाहते हैं।इस अवसर पर संबोधित करते हुए, डॉ. मुरुगन ने कहा, WAVES फिल्म बाजार क्रिएटर्स और दुनिया के बीच एक पुल का काम करेगा। उन्होंने इसे युवा दिमाग और नए क्रिएटर्स के लिए एक मंच बताया, जो दुनिया के सामने भारतीय कंटेंट और स्टोरी टेलिंग प्रस्तुत करेगा।सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने WAVES फिल्म बाजार को फिल्ममेकर्स के लिए दुनिया का पहला ई-मार्केटप्लेस बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि WAVES क्रिएटर्स और देशों को जोड़ रहा है, जिससे भारत वैश्विक सहयोग के लिए एक मिलन स्थल बन रहा है। फिल्म महोत्सव में 81 देशों की 240 फिल्में दिखाई जा रही हैं। उत्सव का आयोजन 28 नवंबर तक होगा।

**********************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह ने आज पलवल में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक में परिवादों की सुनवाई की।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि परिवाद समिति की बैठक में 14 शिकायतें रखी गई जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया। जबकि 4 शिकायतों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है।

उन्होंने हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के संबंध में कहा कि सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही थी तब विपक्षी दलों ने यह अफवाह फैला दी थी कि वे सरकार बनाएंगे। लेकिन लोगों ने सभी विपक्षी दलों को जवाब दिया। अब बिहार में भी मतदाता द्वारा करारा जवाब दिया गया है।

अल फलाह यूनिवर्सिटी के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। बम ब्लास्ट जैसे मामलों डॉक्टर शामिल हो रहे है।

**********************************************************************

सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रहे उन वीडियो को गलत बताया है जिनमें दावा किया गया है कि दुबई एयर शो के दौरान भारतीय LCA तेजस Mk1 में तेल लीक हुआ था। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने बताया कि यह दावा फर्जी है। यूनिट ने यह भी बताया कि वीडियो में दिखाया गया है कि एयरक्राफ्ट से जानबूझकर कंडेंस्ड पानी निकाला जा रहा है, जो दुबई जैसी नमी वाली जगहों पर ऑपरेट करने वाले एयरक्राफ्ट के लिए एक स्टैंडर्ड प्रोसेस है। PIB ने आगे कहा कि कुछ अकाउंट जानबूझकर गलत बातें फैला रहे हैं ताकि फाइटर की साबित तकनीकी विश्वसनीयता को कमतर आंका जा सके और इसके लिए बेबुनियाद दुष्प्रचार किया जा रहा है। सरकार ने लोगों से कहा है कि वे जानकारी शेयर करने से पहले उस का सत्यापन कर लें।

***********************************************************************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा द्वारा 12 नवंबर से 28 फरवरी तक सांस कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत में पाँच साल से कम उम्र के 16 प्रतिशत से अधिक बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण होती है।

उन्होंने कहा कि सांस अभियान का मुख्य उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, माता-पिता को निमोनिया के लक्षणों, रोकथाम और उपचार के बारे में शिक्षित करना है।

***********************************************************************

जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से 100 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

हमारे संवाददाता ने बताया कि इस शिविर के दौरान युवाओं को प्राथमिक चिकित्सा के साथ-साथ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास से भी अवगत करवाया जा रहा है।

शिविर के आज के सत्र में जिला उप सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश भोला ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

***********************************************************************

हिन्द की चादर श्री गुरू तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को समर्पित शहीदी यात्रा  आज अंबाला के ऐतिहासिक गुरूद्वारा बादशाही बाग साहिब से  रवाना  हुई।
इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला शहीदी यात्रा में शामिल हुए।

**********************************************************************

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने आज सिविल अस्पताल, पंचकूला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उपचाराधीन मरीजों से बातचीत की तथा आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के प्रति मरीजों की प्रतिक्रिया दर्ज की।
उन्होने "आयुष्मान भारत सर्जिकल शिविर सप्ताह"  के तहत की जा रही सर्जरी और व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर  सुधीर राजपाल ने सभी लाभार्थियों को पौष्टिक किट भी वितरित की।

**********************************************************************